ब्रीफ न्यूज

विश्वविद्यालय महिला शिक्षकों को चाइल्ड केयर लीव मिले : फुटाब

आरा (रासासं): बिहार राज्य विश्वविद्यालय शिक्षक महासंघ, पटना ने बिवि में महिला शिक्षकों के लिए चाइल्ड केयर लीव के लिए शिक्षा मंत्री को पत्र प्रेषित की है। फुटाब के अध्यक्ष प्रो. केबी सिन्हा और महासचिव प्रो. संजय कुमार सिंह सदस्य बिहार विधान परिषद ने जारी संयुक्त पत्र के माध्यम से बताया है कि राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं की भूमिका, नारी सशक्तिकरण पर चर्चा होती है लेकिन शिक्षा विभाग कुछ नहीं कर रहे हैं। इन्होंने बताया की केन्द्र सरकार गजट अधिसूचना के अनुरूप महिला कर्मियों को पूरे सेवा काल में 730 दिनों का शिशु देखभाल अवकाश जारी है। कुलाधिपति स्तर से भी राज्य सरकार और यूजीसी के रगुलेशन के आलोक में बिहार राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद जिसके अध्यक्ष शिक्षा मंत्री हैं, उनके द्वारा 3 दिसंबर 2023 को किया गया, तब से शिक्षा विभाग स्तर पर अनुमोदन हेतु लंबित है। राज्य सरकार की स्वीकृति के बाद में विश्वविद्यालय में लागू होगा। इसके अभाव में महिला शिक्षकों के बीमार बच्चों की देखभाल के लिए उनके सभी प्रकार की छुट्टी समाप्त हो रही है, अवैतनिक अवकाश पर भी रहना पढ़ रहा है। नेताओं ने शिक्षा विभाग और बिहार सरकार केवल संदेश देने का नहीं बल्कि महिला शिक्षकों के हित में आदेश लागू करने की मांग की है।

सत्य चैरिटेबल ट्रस्ट ने वृद्धों की समस्या समाधान पर किया सेमिनार



आरा (रासासं): सत्य चैरिटेबल ट्रस्ट आरा के तत्वावधान में ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी संजय राय की अध्यक्षता में स्थानीय नागरिक प्रचारिणी में वृद्ध की समस्या एवं समाधान पर सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कुमार विजय ने किया। इस मौके पर शिक्षक पंकज भट्ट,हम के प्रदेश प्रवक्ता गिरधारी सिंह, जदयू नेता अभय विश्वास भट्ट, सामाजिक कार्यकर्ता कुमुद रंजन दुबे, समाजसेवी राम प्रकाश यादव, रजनीश पांडेय उपस्थित हुए।कार्यक्रम का उद्घटान गणेश वंदना से की गई। इस मौके पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सत्य चैरिटेबल ट्रस्ट हमेसा से सामाजिक गतिविधियों में बढ़ चढ़ कर भाग लेता है। ट्रस्ट से जुड़े सभी लोग वृद्धाश्रम के साथ साथ वृद्ध के सेवा में सदैव लगे रहते है। वृद्ध की सेवा करना हम सभी के लिए प्राथमिकता होनी चाहिए। वृद्ध हमारे समाज के लिए वो पूंजी है जिसे संरक्षित रखने की जरूरत है।आज के नवजवान पीढ़ी को इनके अनुभव का लाभ लेना चाहिए। बहुत सी जानकारी किताबो से नही बल्कि अनुभव से ही आती है इसलिए वृद्ध की सेवा करनी चाहिए। इनलोगो ने समाज के लोगो से अपील करते हुए कहा कि आप सब भी अपने आस पास वृद्ध की सेवा में लगे रहिए और उनके जीवन के अनुभव का लाभ लेकर सामाजिक कार्यो में योगदान दीजिए। वही शिक्षक सह कलाकार पंकज भट्ट ने कहा कि आज नाट्यकला में भी वृद्ध कलाकार का अभाव है जिससे आज के नवयुवक कलाकारों को कला के पुराने तौर तरीकों को सीखने के लिए नही मिल रहा है। कार्यक्रम के अंत मे धन्यवाद ज्ञापन शिक्षाविद कॉलेजयूनी के संस्थापक शशि रंजन तिवारी ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में रामपुकार सिंह, अहिराम पासवान,कुंदन राज सिंह, हरि शंकर, मीना सर, सोनू पासवान, विजय सिंह, सुरेन्द्र प्रसाद, प्रकाश श्रीवास्तव, अजित यादव समेत कई थे।

सड़क हादसे में बीएसएपी हवलदार की मौत

आरा (रासासं): आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर उदवंतनगर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहन ने इरअढ जवान को रौंद दिया। हादसे में जवान की मौत गई। बीएमपी-18 में हवलदार के पद पर तैनात थे। यूनिट के साथ कसाप गांव में रहते थे। मृतक की पहचान मधुबनी के फूलपरास निवासी देवेंद्र पासवान (42) के तौर पर हुई है। सिपाही सच्चितानंद कुमार ने बताया कि रविवार देर शाम देवेंद्र पासवान बाजार करने के लिए कसाप बाजार गए थे। इस दौरान अज्ञात वाहन ने उन्हें रौंद दिया। काफी देर तक जब नहीं लौटे तो फोन लगाया। उदवंतनगर पीएचसी के कर्मियों ने फोन उठाकर इस घटना की जानकारी दी। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं, एएसपी परिचय कुमार ने सदर अस्पताल पहुंचकर पूरी घटना की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि देवेंद्र की ड्युटी विधि-व्यवस्था में लगी थी। बाजार से कुछ राशन का समान लाने जा रहे थे, इस बीच सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। परिजनों को सूचना दे दी गई है। मृत जवान 2004 में बीएमपी-12 सुपौल में ज्वाइन किए थे। घर में पत्नी रेणु देवी, दो बेटा अभिषेक, अनिकेश और एक बेटी डॉली कुमारी है। मौत की खबर सुनते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है।

धनखोई थाना परिसर में चौकीदार परेड की गई

आरा (रासासं): धनसोई थाना परिसर में चौकीदार परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान धनसोई थानाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह के द्वारा क्षेत्र के सभी चौकीदारों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था को लेकर अपने-अपने क्षेत्र में शरारती तत्वों पर नजर रखें। वही शराब तस्करी पर नजर रखने को लेकर दिशा निर्देश देते हुए कहा गया कि यदि क्षेत्र में कहीं भी शराब तस्करी की सूचना मिलती हो तो अपने वरीय पदाधिकारी को अवश्य सूचित करें। इस दौरान क्षेत्र के फरार चल रहे वारंटी तथा शरारती तत्वों की पहचान करने का भी निर्देश दिया गया। थानाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर शरारती तत्व और अपराधी प्रवृत्ति वाले लोगों पर नजर रखी जा रही है। चौकीदार परेड के अवसर पर थाने के सभी चौकीदार उपस्थित रहे।

ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के विरूद्ध भारत का एक संपूर्ण और निर्णायक प्रतिघात : राघवेन्द्र प्रताप सिंह

भारतीय सेना ने पाकिस्तान में सौ किलोमीटर तक घुसकर नौ आतंकी ठिकानों को किया ध्वस्त

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

आरा: बड़हरा विधायक सह पूर्व मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर देश के प्रधानमंत्री और भारतीय सेना को आभार व्यक्त करते हुए अपने निजी आवास पर प्रेस वार्ता किया। अपने संबोधन में बड़हरा विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भावनात्मक व्यक्ति है और ऑपरेशन सिंदूर प्रधानमंत्री के भावनाओं को व्यक्त करता है। पाकिस्तान के आतंकवादी पूर्व में काश्मीर सहित देश के विभिन्न स्थलों मे बबादी किया था, जिसे पहले भी जवाब दिया गया था।

पहलगाम में हुए आतंकी घटना के दौरान आतंकवादियों द्वारा एक पत्नी से यह कहना कि हम तुम्हारे पति को मार रहे है, जा कर मोदी को बता देना। उनके द्वारा खुलेआम चुनौती दी गई, जिसे हमारे प्रधानमंत्री ने स्वीकार करते हुए मां और बहनों की मांग से सिंदूर छिनने वाले के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर चलाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम घुसकर मारेंगे, अगर वहां से गोली आएगी तो यहां से गोला जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर से भारतीय सेना ने पाकिस्तान में सौ किलोमीटर तक घुसकर नौ आतंकी संगठन ठिकानों को उड़ाते हुए सौ से अधिक आतंकवादियों को मारा। यह भारत की सैन्य ताकत, राजनीतिक इच्छाशक्ति और संकल्प का प्रतीक है। हमने वहां के नागरिकों को कोई क्षति नही पहुंचाया, केवल और केवल आतंकवादियों को छक्के छुड़ाए। उसी में एक बड़े आतंकवादी के पूरा परिवार समाप्त हो गया। बाद में पाकिस्तान द्वारा भारत के प्रति बेचैनी बढने पर उनक हवाई अड्डो को उड़ाकर उन्हे पंगु बना दिया। ऑपरेशन सिंदूर के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय सेना धन्यवाद के पात्र है और पूरा देश ने एकजुटता का परिचय दिया।

ऑपरेशन सिंदूर के सफलता में कर्नल सोफिया जिसे कांग्रेसियों ने क्या-क्या कहा, ए.के. भारती हमारे बिहार के पूर्णिया के यादव परिवार के सैनिक, विक्रम मिस्त्री एक काश्मिरी पंडित, व्योमिका सिंह महादलित परिवार और राफेल के पायलट इलावल अहमद थे जो धन्यवाद के पात्र है, जिन्होंने पूरी दुनिया में हमारा सिर ऊंचा किया। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री असंभव को संभव करते है। कोरोना के समय हद्द प्रतिज्ञ हो कर देश के करोड़ों लोगों को जान बचाएं और विश्व के चालीस से अधिक देशों में वैक्सीन भेंज कर मानवता का प्रमाण दिया। मैं कांग्रेस और विपक्षी पार्टियों से स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि हम जो फैसला लेते है, उस पर पूरी तरह अमल करते है।

विश्व में ऐसा कोई देश नही है, जहां पांच लाख का मुफ्त इलाज होता है। प्रधानमंत्री द्वारा लिया गया निर्णय भावनाओं से परिपूर्ण होता है, जिसका कोई जवाब नही है। ऑपरेशन सिंदूर के सफलता का प्रमाण पाकिस्तान सहित सभी जगह मौजूद है, लेकिन कांग्रेसियों और विपक्षियों को यह पच नही रहा है क्योकि उनके शासनकाल मे चीन द्वारा भारत के बहुत सारे जमीन को हड़प लिया गया है। जबकि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एफ-16, चीन के हथियार और तुर्की के ड्रोन सहित सभी सैन्य सामानो को भारतीय सेना द्वारा तहस-नहस कर दिया गया। आंकवाद के खिलाफ इस ऑपरेशन मे विश्व के बाइस से अधिक बड़े देश भारत के साथ खड़ा था।

सीज फायर के प्रश्न पर पूर्व मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य आतंकवादी और आतंकी ठिकानों का नेस्तनाबूद करना था और उस उद्देश्य को इस ऑपरेशन से प्राप्त कर लिया गया। लेकिन भारतीय सेना और रक्षामंत्री ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी विराम है, समाप्त नही हुआ है। यदि पाकिस्तान और आतंकवादियों द्वारा थोड़ा सा भी गड़बड़ किया जाएगा तो पूरा पाकिस्तान नेस्तनाबूद हो जाएगा।

एक ओर जहां भारत सरकार, भारतीय सेना और भारत के नागरिक आतंकवाद को समाप्त करने के लिए दृढ प्रतिज्ञ दिखाई दे रहे है और दूसरी तरफ कांग्रेस और विपक्षी पार्टियों द्वारा की जा रही राजनीति अत्यंत दुखद और निंदनीय है। मोदी सरकार युद्ध और कूटनीति दोनो मोर्चो पर प्रभावी और संकल्पबद्ध उतर देने के लिए पूरी तरह तैयार खड़ी है। हिंदुस्तान की जनता सब देख रही है और इन देशद्रोहियों को जवाब देंगी, वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आतंकवादियों को जवाब देंगे। प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष दुर्गा राज, संजय कुमार सिंह, धनंजय तिवारी, निशांत सिंह सेंगर उपस्थित थे।

राजद प्रतिनिधि मंडल पटखौली गांव के पीड़ित परिवारों से मिलकर दिया सहयोग का भरोसा

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

आरा: पूर्व विधायक सह प्रदेश उपाध्यक्ष राजद विजयेंद्र यादव के नेतृत्व मे राजद का प्रतिनिधी मंडल लालू प्रसाद यादव, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के आदेशानुसार भोजपुर के पटखौली गांव पहुंच कर घटना की जानकारी पीड़ित परिवारों से मिलकर ली और उन्हें भरोसा दिलाया कि राजद परिवार उनके साथ सदैव मजबूती से खड़ी है। बीते दिनों पटखौली गांव में शादी समारोह के नृत्य गान कार्यक्रम में उपजे विवाद मे राकेश रजक की हत्या असामाजिक तत्वो के द्वारा कर दी गई थी।

विजयेंद्र यादव ने कहा की घटना पर हमलोग काफी दुखी है निश्चित रूप से हमारी पार्टी पीड़ित परिवारों के साथ दुख की घड़ी में खड़ी है। अपराधी कोई भी हो किसी भी जाति-धर्म से हो उसको बख्शा नही जायेगा। हमने प्रशासन से बात कर मांग किया है की अविलंब अपराधी को गिरफ्तार करे। जिला परिषद सदस्य रविंद्र रजक एवं सोनू रजक ने कहा की हमलोग पीड़ित परिवारों से मिला राकेश रजक की हत्या से हमलोग आहत है अपराधी को गिरफ्तार करे प्रशासन।

नीतीश-मोदी सरकार में दलित समाज असुरक्षित है। लाल बिहारी सिंह एवं जिलाध्यक्ष युवा राजद शैलेन्द्र कुमार ने कहा की राकेश कुमार की हत्या से हमलोग आहत है और पीड़ित परिवारों के साथ राजद परिवार मजबूती के साथ खड़ा है। अपराधी को अविलंब गिरफ्तार करें प्रशासन। नीतीश-मोदी सरकार में अपराधी मस्त है प्रशासन पस्त है।

प्रतिनिधी मंडल में जिला परिषद जितेंद्र प्रताप सिंह, भीम यादव, प्रखंड अध्यक्ष लालबाबू यादव, मुखिया मुन्ना यादव, राजनारायण यादव, अनुसूचित प्रकोष्ठ राजद अध्यक्ष मधु राठौर, पूर्व मुखिया विनोद राम, श्री निवास यादव, नंद जी पासवान, भिखारी राम, श्रीपति यादव, गुडडु भट्ट सहित अन्य राजद कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रोन्नति के लिए वीकेएसयू में परीक्षा संपन्न अधिसूचना जारी होने तक धरना जारी रहेगा : शशिरंजन

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

आरा: वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में शिक्षकेत्तर कर्मियों के प्रोन्नति की मांग लंबे समय से की जा रही थी। जिसके लिए लगातार आंदोलन धरना प्रदर्शन होते रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कमेटी गठित कर परीक्षा लेने का निर्णय लिया और निर्धारित तिथि पर परीक्षा संपन्न हुई।

इस संबंध में बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय प्रक्षेत्र, आरा के संयोजक शशिरंजन ने बताया की सभी कर्मचारियों ने 16 मई को विज्ञान भवन के स्सायन विभाग एवं जंतु विभाग में 75 नम्बर का लिखित परीक्षा 11 से 2 बजे दोपहर तक दिया एवं 3 बजे दोपहर में 25 नम्बर का कम्प्यूटर का प्रायोगिक परीक्षा दिया। सभी कर्मचारी ने अपना व्यक्तिगत शपत-पत्र भी बना कर जमा कर दिया है। कुछ नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों का प्रयास था कि कर्मचारियों का पद-प्रोन्नत न हो। इन्होंने बताया कि हमारी मांगों पर विश्वविद्यालय प्रशासन सोहनी भूत कोई वक्त विचार करते हुए प्रोन्नति संबंधी कार्यो का संपादन कराया इसके लिए हम इन्हें साधुवाद करते हैं। विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों से अनुरोध है कि यथा शीघ्र हमलोगों का परीक्षाफल प्रकाशित कर प्रोन्नत का अधिसूचना 19 मई तक निर्गत करा दें। विश्वविद्यालय एवं 17 अंगीभूत महाविद्यालय के सभी कर्मचारी अपने हक को लेने के लिए दिनांक 19 मई को घेरा डालो-डेरा डालो का संघर्ष करने आ रहें हैं।

जब तक पद-प्रोन्नत का अधिसूचना निर्गत नही होगा तब हम सभी कर्मचारी वहीं डटे रहेंगें। बताते चले कि विश्वविद्यालय में लगातार इन कार्यों का सही अंजाम, सही परिणाम मिलने तक, अधिसूचना जारी होने तक आंदोलन चलते रहेगा। कर्मचारी किसी से पीछे हटने को तैयार नहीं है।

प्रेमी के साथ देखा तो पत्नी को पीटकर मार डाला

बक्सर (रासासं): बक्सर में रविवार रात प्रेम प्रसंग में पति ने अपनी पत्नी की सिर में बाट मारकर हत्या कर दी। आरोपी पति ने रात 12 बजे अपनी पत्नी को उसके प्रेमी के साथ अवैध संबंध बनाते हुए देख लिया था। जिसके बाद पति से दोनों की लड़ाई होने लगी। पति ने जब इसका विरोध किया तो प्रेमी के साथ उसकी मारपीट होने लगी। पत्नी ने भी अपने प्रेमी का साथ दिया। जिसके बाद गुस्से में आरोपी ने पत्नी के सिर पर बाट मार दिया। जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मर्डर से पहले ही पत्नी ने अपने प्रेमी को वहां से भगा दिया था। इसके बाद पति-पत्नी के बीच जमकर लड़ाई हुई। थोड़ी देर पति ने उसकी हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी अपनी पत्नी की लाश के पास 1 घंटे तक बैठ रहा। हत्या के बाद पति ने रात 1 बजे थाने में फोन किया और वारदात की जानकारी दी। उसने पुलिस से कहा, "मैंने अपनी पत्नी को उसके प्रेमी साथ अवैध संबंध बनाते हुए देख लिया था, इसलिए उसे मार डाला।" घटना की जानकारी मिलने के बाद रात करीब 2 बजे पुलिस पहुंची।

एसडीएम ने ट्रक चालक को मारा थप्पड़ चालक बोला- मेरे सभी कागजात वैध

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

बक्सर: बक्सर के डुमरांव अनुमंडल के एसडीएम राकेश कुमार का एक ट्रक ड्राइवर को थप्पड़ मारने का वीडियो सामने आया है। यह घटना 17 मई की दोपहर भोजपुर से सिमरी जाने वाली ग्रामीण सड़क पर हुई। बताया गया कि बक्सर के जिलाधिकारी सिमरी प्रखंड में तटबंध और पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे थे।

इसी दौरान एसडीएम राकेश कुमार की नजर एक बालू लदे ट्रक पर पड़ी। ट्रक को रुकवाकर चालक से कागजात की जांच की गई। बाताया जा रहा है कि इसी दौरान विवाद होने पर एसडीएम ने हाथ चलाई थी।

ट्रक चालक शिव जी यादव ने बताया कि वह बिहटा (दानापुर) से देवरिया के लिए बालू लेकर जा रहा था और उसके पास वैध चालान और दस्तावेज थे। उसने कहा कि ट्रक अंडरलोड था और बालू नियाजयपुर में मालिक के पास गिराना था। चालक के अनुसार, वह नियमों के तहत ही बालू ढो रहा था।

एसडीएम राकेश कुमार का कहना है कि ट्रक चालक ने यूपी के तीन चालान दिखाए। वह नेशनल हाइवे छोड़कर ग्रामीण सड़क का उपयोग कर रहा था, जिससे सड़क को नुकसान पहुंच रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि कागजात दिखाने को कहने पर चालक ने बदतमीजी की, जिसके बाद उसे डराने के लिए थप्पड़ मारा गया।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है, जिसमें एसडीएम द्वारा चालक को थप्पड़ मारते हुए देखा जा सकता है। हालांकि, जिला प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। अधिकारियों ने ट्रक के कागजात जब्त कर लिए हैं और आगे की जांच की बात कही है।

सड़क दुर्घटना में प्राचार्य की मौत, अन्य घायल

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

आरा: बक्सर में एक भीषण दुर्घटना में डीके मेमोरियल कॉलेज डुमरी के प्रभारी प्राचार्य कपिल मुनी शर्मा की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य प्रोफेसर गंभीर रूप से घायल की सूचना है। दोपहर को यह घटना अनुमंडल कार्यालय के पास अकालुपुर गांव के समीप जर्जर पुलिया पार करते समय हुआ।

इन लोगों की टीम बैठक में शामिल होने के लिए जा रहे थे। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शासकीय निकाय के गठन को लेकर डुमरांव एसडीएम कार्यालय में स्कार्पियो वाहन से जा रहे थे। पुल के पास अचानक सन्तुलन बिगड़ गया और रफ्तार होने के कारण गाड़ी पुलिया से नीचे जा गिरी। हादसे में प्रभारी प्राचार्य कपिलमुनी शर्मा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एमवी कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ पीके सिन्हा, प्रो. रामकुमार सिंह और डॉ छोटक कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पहले अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रो. रामकुमार सिंह का एक पैर टूट गया है, जबकि डॉ. छोटक कुमार के सीने में गंभीर चोटें आई हैं। एमवी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सिन्हा की हालत भी नाजुक बनी हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही एसडीएम राकेश कुमार, स्थानीय विधायक डॉ अजित कुमार सिंह और डुमरांव थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे। एसडीएम और विधायक ने घायलों का हालचाल जाना और घटना पर गहरा दुख जताया।

मृतक कपिलमुनी शर्मा बिहटा थाना क्षेत्र के काब गांव के निवासी थे। उनकी मौत की खबर से परिवार और शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। डॉ छोटक कुमार, जो डुमरी गांव के निवासी हैं, इलाके में एक कुशल अंग्रेजी शिक्षक के रूप में जाने जाते हैं।

सीएम नीतीश ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कई योजनाओं का किया कार्यारम्भ

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

आरा: मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कर कमलों द्वारा पटना में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से 315 प्रखंड उद्यान पदाधिकारियों की नियुक्ति/नियोजन-पत्र वितरण, 62 अनुमंडल स्तर पर कृषि भवन का शिलान्यास, जिसमें भोजपुर जिले में जगदीशपुर अनुमंडल अंतर्गत कृषि भवन का शिलान्यास, कृषि अभिवंरण महाविद्यालय आरा का कार्यारम्भ, बिहार कृषि मोबाइल ऐप की शुरूआत एवं खरीफ महाभियान 2025 का शुभारंभ किया गया, जिसका सीधा प्रसारण समाहरणालय सभागार, भोजपुर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में डीएम तनय सुलतानिया ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी, सहायक निदेशक, उद्यान एवं अन्य संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड.
पंजीकृत कार्यालय: 501, सालकॉन ऑरा, जसोला जिला केंद्र, नई दिल्ली – 110025
सीआईएन : L65900DL2020PLC366027

नीलामी सूचना

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के निम्नलिखित उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि बैंक द्वारा जारी व्यक्तिगत नोटिस सहित विभिन्न मांगों और नोटिसों के बावजूद बैंक से उनके द्वारा लिए गए गोल्ड लोन को समायोजित नहीं किया गया है। सभी उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि बैंक के पास सुरक्षा के रूप में रखे गए सोने के आभूषणों की नीलामी करने का निर्णय लिया गया है और तदनुसार उस शाखा परिसर में **सुबह 11:00** बजे नीलामी का समय तय किया गया है जहाँ से ऋण लिया गया था। नीलामी की शर्तों और नियमों के अनुसार उधारकर्ता, खाताधारक और आम जनता सहित सभी लोग इस नीलामी में भाग ले सकते हैं।

नीलामी तिथि 29–मई–2025 @ सुबह 11:00 बजे हैं।

क. नं	शाखा	खाता नंबर	खाता धारक का नाम
1	गाजियाबाद	101542514588	आशा देवी
2	इंदिरापुरम	101942517266	दीपा शर्मा
3	इंदिरापुरम	101942522268	अमित कुमार

बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी खाते को नीलामी से हटाने या नीलामी रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
प्राधिकृत अधिकारी, शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड।

साइनेज बोर्ड की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और प्रवर्तन

जीईएम निविदा संख्या : GEM/2025/B/6229175; **दिनांक**: 14-05-2025; निम्नवर्णित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित किया जाता है। **कार्य का नाम** : सेवाएँ - कटिहार मंडल के 09 रेलवे स्टेशन - कटिहार, पूर्णिया जंक्शन, फारबिसगंज, जोगबनी, किशनगंज, न्यू जलपाईगुड़ी, सिलीगुड़ी जंक्शन, दार्जिलिंग, घूम पर मानक साइनेज बोर्ड की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं प्रवर्तन तथा 2 वर्षों तक उसका रखरखाव कार्य के लिए विशेष निविदा। **अनुमानित निविदा मूल्य** : ₹3,38,25,824.54/- **ईएमडी राशि** : ₹3,19,200/-; निविदा **बंद** होने की तिथि और समय **05-06-2025** को **13:00** बजे और **खोलने** की **13:30** बजे। पूरी जानकारी के लिए कृपया सरकारी ई-मार्केटिंग वेबसाइट देखें।

डीआरएम (सी), कटिहार
पूर्वोत्तर सीमा रेल
यात्रियों की सेवा में सुफलता के साथ

छत पर सो रही महिला को अपराधियों ने मारी गोली, मचा हड़कंप

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

आरा: बिहार में अपराधिक घटनाएं चरम है। अपराधी एक के बाद एक आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। आरा में अपराधियों ने छत पर सो रही महिला को गोली मार दी है। मामला भोजपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर गांव का है। जहां रविवार की रात छत पर सोई एक महिला को गोली लग गई।

जख्मी महिला को गोली दाहिने साइड पीठ में लगी है। इसके बाद जख्मी हालत में खून से लथपथ महिला को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज कराया जा रहा है। जख्मी महिला लक्ष्मणपुर गांव निवासी स्व त्रिलोकी प्रसाद की 45 वर्षीय पत्नी कलावती देवी है। इधर,जख्मी महिला कलावती देवी ने बताया कि रविवार की रात प्रतिदिन के तरह खाना खाकर अपने सभी बच्चों और परिवार के साथ घर के छत पर सोए थे। इसी बीच अचानक मेरे पीठ पर जोर से दर्द हुआ तो चिल्लाने लगी।

इसके बाद बगल में सोई अपनी बेटी को उठाया,तो उसने देखा कि पीठ से खून आ रहा है। तभी मेरी नजर नीचे गिरी एक गोली पर पड़ी। उसके बाद इस घटना की जानकारी अन्य परिवार वालों को दी। परिवार वाले तुरंत इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लेकर आए। कलावती देवी ने कहा कि गांव में उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। किसी पर कोई शक भी नहीं कर सकते। गोली किसने चलाई, किस मकसद से चलाई ये जांच का विषय है। उन्होंने बताया कि उनकी पति की मौत चार साल पहले सड़क दुर्घटना में हो गई थी। उसके बाद से एक बेटा एवं पांच बेटियों की देखभाल वो खुद कर रही है।

वहीं इस मामले में मुफस्सिल थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना देर रात की है। महिला का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। अभी स्पष्ट नहीं हो रहा है कि गोली किसने चलाई है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

BIHAR ANIMAL SCIENCES UNIVERSITY
PATNA-800014 (BIHAR)
Website: www.basu.org.in

NOTICE INVITING e-TENDER-01/2025-26

Designation of officer inviting tender	Estate Officer, BASU, Patna
Last date of download of B.O.Q. with Time & Place	www.eproc2.bihar.gov.in from 23.05.2025 to 30.06.2025 up to 03:00 P.M
Place, Last Date & Time of receiving of tender	www.eproc2.bihar.gov.in up to 04.06.2025 till 12:00 Noon
Time & Date of Opening of Technical Bid	05.06.2025 at 03:30 P.M
Time of Opening of Financial Bid	After Disposal of Technical bid

Sl. No.	Description of work	Estimated Cost	Earnest Money	Cost of B.O.Q.	Bid processing fee	Time of Completion
1	Earth work in construction of (10 unit) polyline rearing ponds at College of Fisheries, Kishanganj under BASU, Patna for the year 2025-26	Rs. 60,28,600/-	Rs. 1,21,000/-	Rs. 10,000/-	As per website	90 days

For more details, please visit the university website: www.basu.org.in

Estate Officer